दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 05
अंकः- 127
मुरादाबाद
29 August 2025
(Friday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संभल में घटी 30ः हिंदू आबादीः कब-कब हुए दंग; 450 पन्नों में दर्ज पूरा इतिहास; आयोग ने सीएम को सौंपी रिपोर्ट



इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग ने संभल दंगों की जांच रिपोर्ट सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। उत्तर प्रदेश के संभल में हुए दंगों की जांच रिपोर्ट जांच आयोग ने गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। 24 नवंबर 2024 को मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। इसकी जांच इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग को सौंपी गई थी।इसमें पूर्व डीजीपी एके जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सदस्य बनाए गए थे। आयोग ने सीएम को जांच रिपोर्ट सौंप दी है। इस दौरान सीएम के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद और प्रमुख सचिव ( संसदीय कार्य ) जेपी सिंह मौजूद रहे।पहले के दंगों का भी इतिहास खंगाला जांच आयोग ने 450 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में न केवल 24 नवंबर को हुई हिंसा का ज़िक्र है, बल्कि संभल में इससे पहले कब-कब दंगे हुए, इनका भी उल्लेख किया गया है। उन दंगों के दौरान क्या-क्या हुआ, इसका भी पूरा विवरण लिखा गया है। करीब 30 फीसदी घटी आबादी बताते चलें कि संभल में हुई न्यायिक हिंसा पर तैयार की रिपोर्ट में जनसांख्यिकीय परिवर्तन का भी ज़िक्र है। इसमें बताया गया कि कभी यहां पर 45 प्रतिशत आबादी हिंदू थी। लेकिन, वर्तमान में यह घटकर 15 से 20 प्रतिशत ही रह गई है।

## जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को लोगों का मताधिकार नहीं छीनने दूंगी; आर-पार के मूड में CM ममता बनर्जी



ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जहां उनके प्रशासन ने कई सामाजिक कल्याणकारी पहल चलाईं हैं, वहीं केंद्र की भाजपा सरकार विकास के नाम पर भ्रष्टाचार में लिप्त है।बिहार के बाद अन्य राज्यों में गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर सियासी विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष इसे लेकर लगातार मोदी सरकार और चुनाव आयोग का विरोध कर रहा है। इस बीच, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने खुले शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा की एक रैली को संबोधित करते कहा कि वह किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने देंगी। कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा की रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने के उद्देश्य से सर्वेक्षण करने के लिए देश भर से पश्चिम बंगाल में 500 से ज्यादा टीमें तैनात की हैं।खुद करनी होगी मतदाता सूची की जांचरैली में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि अब आपको खुद जांच करनी होगी कि आपका नाम अभी भी मतदाता सूची में है या कट गया है। उन्होंने आगे कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने दूंगी। चुनाव आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा सीएम बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने दावा किया कि आयोग का अधिकार क्षेत्र केवल चुनाव के दौरान के तीन महीनों तक है, पूरे साल नहीं। आगे बोलते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बंगालियों द्वारा निभाई गई भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर बंगाली भाषा ही नहीं है, तो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत किस भाषा में लिखे गए हैं? वे चाहते हैं कि लोग स्वतंत्रता संग्राम में बंगालियों की ऐतिहासिक भूमिका को भूल जाएं। हम इस भाषाई आतंक को बर्दाश्त नहीं करेंगे वीर सावरकर का जिक्र कर घेरा इस दौरान सीएम ममता ने बिना नाम लिए वीर सावरकर पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजो का एजेंट बताते हुए कहा कि उन्होंने जेल से बाहर निकलने के लिए वचन दिए था। विकास के नाम पर भ्रष्टाचार में लिप्त है केंद्र सरकार ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जहां उनके प्रशासन ने कई सामाजिक कल्याणकारी पहल चलाईं हैं, वहीं केंद्र की भाजपा सरकार विकास के नाम पर भ्रष्टाचार में लिप्त है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम महिलाओं के लिए लक्ष्मी भंडार योजना लेकर आए हैं, जबकि भाजपा के पास भ्रष्टाचार भंडार है। उन्होंने केंद्र पर भाई-भतीजावाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार देश को लूट रही है।

### संक्षिप्त समाचार

#### न्यायमूर्ति संजय अग्रवाल छत्तीसगढ़ से इलाहाबाद, जस्टिस एसके सिंह पटना जाएंगे; देश में 14 तबादले

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन को छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस संजय अग्रवाल को इलाहाबाद, मद्रास हाईकोर्ट की जस्टिस जे निशा बानू को केरल, राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस दिनेश मेहता को दिल्ली, राजस्थान हाईकोर्ट के ही जस्टिस अवनीश झिंगन को दिल्ली, दिल्ली हाईकोर्ट के अरुण मोंगा को राजस्थान स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने देशभर के विभिन्न हाईकोर्टों के 14 न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है।

इसमें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस संजय अग्रवाल को इलाहाबाद तो इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार सिंह को पटना हाईकोर्ट भेजने का प्रस्ताव है।मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन को छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस संजय अग्रवाल को इलाहाबाद, मद्रास हाईकोर्ट की जस्टिस जे निशा बानू को केरल, राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस दिनेश मेहता को दिल्ली, राजस्थान हाईकोर्ट के ही जस्टिस अवनीश झिंगन को दिल्ली, दिल्ली हाईकोर्ट के अरुण मोंगा को राजस्थान, इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार सिंह को पटना और इलाहाबाद हाईकोर्ट के ही जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल को कलकत्ता हाईकोर्ट स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है।

## मराठा आरक्षण पर जरांगे से सीधी बात करें और अपनी बात पर कायम रहें, संजय राउत का सरकार पर तंज



उनसे सीधी बातचीत करनी होगी।% उन्होंने कहा, %महायुति सरकार और देवेंद्र फडणवीस को इस मुद्दे को धैर्यपूर्वक सुलझाना चाहिए और अपनी बात पर कायम रहना चाहिए।% उन्होंने कहा कि मराठी मानुष का मुंबई पर अधिकार है और उन्हें राज्य की राजधानी में आने से नहीं रोका जाना चाहिए। %लोग कबूतरों के लिए आवेदन कर सकते हैं तो मराठी मानुष अपनी मांगों के लिए क्यों नहीं% शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि %अगर लोग कबूतरों के लिए आंदोलन कर सकते हैं और सरकार उन्हें अनुमति देती है, तो मराठी मानुष को भी अपनी मांगों के लिए मुंबई के आजाद मैदान में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करने का संकल्प लिया है। जरांगे गुरुवार सुबह सैकड़ों समर्थकों के साथ पुणे जिले की जुन्नार तहसील में मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मस्थली शिवनेरी किले पहुंच गए। अपनी बातों पर कायम रहे सरकार शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, %मुख्यमंत्री को मनोज जरांगे से बातचीत करनी चाहिए क्योंकि यह कोई साधारण विरोध प्रदर्शन नहीं है। अगर मराठी मानुष लाखों की संख्या में मुंबई आ रहे हैं, तो आपको संजय राउत ने कहा कि मराठी मानुष का मुंबई पर अधिकार है और उन्हें राज्य की राजधानी में आने से नहीं रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा, महायुति सरकार और देवेंद्र फडणवीस को इस मुद्दे को धैर्यपूर्वक सुलझाना चाहिए। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे से सीधी बातचीत करनी चाहिए और आरक्षण के मुद्दे को धैर्य के साथ सुलझाना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए, राउत ने कहा कि सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले जरांगे से बातचीत की थी। मनोज जरांगे, मराठा समुदाय के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं। मुंबई में विरोध प्रदर्शन पर अड़े जरांगे जरांगे ने एक बार फिर अपनी मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का एलान किया है। जरांगे बुधवार को जालना जिले के अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती से मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं। 43 वर्षीय मनोज जरांगे ने 29 अगस्त से राज्य की राजधानी विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। यह जरूरी है कि मुख्यमंत्री प्रदर्शनकारियों से बातचीत करें। सरकार को गणेश उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था का भी ध्यान रखना चाहिए।% भाजपा पर निशाना साधते हुए राउत ने कहा कि जरांगे अपनी मांगें इसी सरकार के सामने रखेंगे, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने नहीं!

## हर ई रिक्शा पर चालक का नाम और मोबाइल नंबर हो... छेड़छाड़ पर महिला आयोग की अध्यक्ष ने दिए निर्देश

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दिए गए निर्देशों पर कहा कि इसका सख्ती से पालन करवाया जाएगा। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090 और 181 की कार्यप्रणाली की समीक्षा कराने का भी आश्वासन दिया।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने ई रिक्शा में छेड़छाड़ की




घटनाओं को लेकर निर्देश दिया है कि हर ई रिक्शा में चालक का नाम और मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए। बृहस्पतिवार को बाराबंकी दौरे पर महिला आयोग की अध्यक्ष ने अफसरों के साथ बैठक में मौजूद एडिशनल एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी को तुरंत निर्देशित किया कि आदेश का पालन हर हाल में कराया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी इस मामले में गंभीर हैं। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090 और 181 की कार्यप्रणाली की समीक्षा कराने का आश्वासन भी दिया। सभी थानों में महिला डेस्क को और मजबूत करने की बात कही ताकि महिलाएं बिना डर के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें।डॉ. चौहान ने अमर उजाला से हुई खास बातचीत में कहा कि आयोग पूरी संकल्पबद्धता के साथ काम कर रहा है और किसी भी महिला की समस्या अनसुनी नहीं छोड़ी जाएगी। उद्योगों में महिलाओं की कमी को देखते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता योजना में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने माना कि उद्योग के प्रति महिलाओं में जागरूकता की कमी है, जिसे दूर करने की दिशा में प्रयास होंगे। इसके लिए महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे कौशलों से जोड़ने की योजना है। विशेष स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोले जाने पर भी विचार हो रहा है।अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने निरीक्षण के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पढ़ाई और रहन-सहन की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के साथ भोजन कर वह खुद स्थिति देखना चाहेंगी। गर्भवती महिलाओं और किशोरियों की स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान देने, आशा बहुओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संवेदनशील बनाने की बात भी कही गई। सामाजिक सुरक्षा और कानूनी जागरूकता- महिला आयोग ने कहा कि घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और कार्यस्थल पर यौन शोषण जैसे मामलों में महिलाओं को जागरूक करने के लिए कानूनी साक्षरता शिविर लगाए जाएंगे। पीड़ित महिलाओं की शिकायतों का निस्तारण फास्ट-ट्रैक मोड पर कराने का भी आश्वासन दिया गया। हर सप्ताह जिलों का दौरा- डॉ. चौहान ने कहा कि महिला आयोग अब हर सप्ताह जिलों का दौरा करता है और शिकायतों की विशेष मॉनिटरिंग रोज की जाती है। पिछली सरकारों की तुलना में इस सरकार में आयोग की कार्यप्रणाली पूरी तरह बदल गई है।

## दो दिवसीय दौरे पर कल काशी में होंगे सीएम योगी, मॉरीशस के पीएम के आगमन की परखेंगे तैयारियां



सीएम योगी आदित्यनाथ कल दो दिवसीय दौरे पर काशी आ रहे हैं। यहां सीएम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही मॉरीशस के पीएम के आगमन से जुड़ी तैयारियों को परखेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी आएंगे। मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम की आगमन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री काशी में ही रात्रि विश्राम करेंगे।

अगले दिन शनिवार को काशी से रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना जिला प्रशासन को मिल गई है। दरअसल, मॉरीशस के प्रधानमंत्री 10-11 सितंबर को काशी में रहेंगे। प्रधानमंत्री विशेष विमान से लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट आएंगे। श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। सारनाथ जाने का भी कार्यक्रम है। हालांकि मॉरीशस के प्रधानमंत्री के आने का विस्तृत शेड्यूल अभी तक नहीं आया है लेकिन प्रशासनिक अफसर तैयारियों में जुटे हैं। मंडलायुक्त एस राजलिंगम एयरपोर्ट से होटल ताज तक निरीक्षण कर चुके हैं। प्रधानमंत्री को होटल ताज में ही रुकना है। इसी होटल में मॉरीशस और भारत के बीच द्विपक्षीय वार्ता होनी है।

संपादकीय Editorial

# Till when will dowry deaths continue?

In a village in Greater Noida, UP, a 26-year-old married woman was burnt to death in front of her 6-year-old son. This is indeed dowry murder. We are surprised again and again that how could the barbarism of throwing the person whom she had made her life partner, who had taken rounds in front of fire as a witness and who had taken seven vows, be done? Only a demon can commit such a brutal crime. A daughter leaves her parents' house and goes to an unknown house. She goes to light the lamp of that house, becoming the lamp of that house. She is harassed and ultimately she is burnt to death. The greed for dowry becomes a 'demon'. What kind of destiny is this, Prabhu? The daughter bids goodbye to her father's house, but what kind of social and rotten system is this, which leaves the daughter to burn, cut and ultimately die? Nikki, a daughter of Greater Noida, had come to her in-laws' place with a lot of wealth. It can be called dowry, but the greedy mentality of the husband, mother-in-law etc. for Rs 35 lakh ultimately led to the daughter's death. One is also surprised at this aspect that when the daughter was not safe in the 'house of demons', then why was the second daughter also married in the same house? The decision of the daughter's parents is not only questioned, but also doubted! We remember the case of the marriage of a journalist friend's daughter. When the proposed groom's maternal uncle had asked the first question that what is your budget, the daughter's father had replied- 'Is the marriage to be done within the budget? We are from an average family. The marriage has to be between the bride and groom. Don't the daughters of the poor get married?' The uncle became silent, speechless. Had Nikki's parents also taken a tough stand, then perhaps the daughter's marriage would have been in some other family, but the daughter would have remained alive and safe! According to the reports of the National Crime Records Bureau (NCRB), the brutal truth of dowry deaths is not only in UP, but also in many pockets of Bihar and Haryana. Dowry is a common practice and tradition there. Daughters like Nikki do not have access to any legal, government or non-government protection. Daughters are simply married off and left to face harassment, violence and death. There is a law, but it is not such that it can provide complete protection to daughters. In 2022, the conviction rate in dowry murder trials was 33 percent, but in all dowry-related cases, the pending cases that year were 60,577, the conviction rate was only 2 percent. After all, how long will daughters continue to be killed due to dowry? In dowry murder cases, evidence is destroyed, forensics are distorted, such investigations are done by untrained sanitation workers, because doctors refuse to do such post-mortems and dissections. Ultimately, the allegations of misuse of the Dowry Prohibition Act eventually grow tiresome and strengthen the position of the perpetrators. As a result, the victim of dowry-murder either does not get justice or gets it very late. Just think, in the FIR lodged in Nikki's case, Section 80BNS of the Dowry Prohibition Act has not been applied. Injustice starts from the very foundation. Is our system itself misogynistic? Or is the police complicit? There is no other way than honesty. In such cases, a strict investigation should be done and doctors should be forced to investigate and punishment should be pronounced as soon as possible.

# America does not want India to rise, now the countries will have to work together with four times the strength

American economist Jeffrey Sachs says that America will oppose India if it sees it succeeding because it is in its nature. This is why earlier America used to oppose Russia in the name of communism. Now even after the fall of communism, its opposition continues because Russia is still a big geopolitical power and it will never become America's puppet. Seeing no effect of the economic sanctions imposed on India by America after the Pokhran nuclear tests in 1998 and worried about the rise of China and Islamic fundamentalism, American President Bill Clinton decided that it is not possible to run the geopolitics of Asia by cutting off from India. However, at that time there was so much bitterness in the relations between the two countries that it was not possible to make everything normal immediately. Therefore, to discuss how India and America can together shape the next century of Asia, 11 rounds of secret talks were held between American Deputy Foreign Minister Strobe Talbott and Indian Foreign Minister Jaswant Singh at different places in the world. These talks led to a consensus in the US that ensuring India's strategic rise was essential for the security and stability of the whole of Asia and the world. This was somewhat similar to the decision taken by Nixon and Kissinger in the 1970s that the US would ensure the rise of China to weaken the Soviet Union. The outcome of the Talbot-Jaswant talks was seen in the form of the lifting of US sanctions on India and President Clinton's inclination towards India during the Kargil war. Both Democrats and Republicans supported this policy of ensuring India's rise. After Clinton, Republican President George Bush, first with Prime Minister Vajpayee and later with Manmohan Singh, prepared the outline of the India-US nuclear agreement and it was also given a concrete shape. Through this, India was accepted as a responsible nuclear power even without signing the Nuclear Non-Proliferation Treaty and the US made India a member of the Nuclear Suppliers Organization, ignoring China's opposition. The bilateral relations gradually deepened. The strategic partnership formed between the two countries in 2005 was transformed into a comprehensive global and strategic partnership in 2020 during President Trump's first term. India also signed several important defense agreements with the US. This trend continued to a large extent during Trump's first term and Biden's era, but the US attitude changed in Trump's second term, especially in the scenario after Operation Sindoor. Some people are also linking this to India's repeated rejection of Trump's claim of ceasefire between India and Pakistan. This is not entirely correct. A section in America has been keeping some unnecessary expectations from India. One such expectation is related to Taiwan. A section there wants India to be helpful in countering Taiwan in case of a possible Chinese attack on it, but India cannot become a mercenary fighting country to serve American strategic interests like Ukraine. Washington is not able to digest this. It is beyond its understanding that how can a country make its own strategic choice even after several defense agreements with America? Seeing this happening in the case of India, the strategic community of America is filled with frustration and anger. Ashley Tallis, who is considered a big voice in Washington on Indian affairs, wrote in an article in 2023 itself that America has made a wrong bet on India. In an interview, he said that America cannot tolerate India's neutrality in the event of a war with China. Tallis was reflecting the resentment growing in Washington about India. This was the time when the Ukraine war was stuck. America did not want to take a direct confrontation with Russia. It could not put pressure on China, so a decision was taken to put pressure on India by accusing it of buying Russian oil. The same policy has been going on since then. Only Biden and Trump's methods are different. The Biden administration kept playing the Khalistan card to put pressure on India. Through the Trudeau government of Canada, the Indian leadership was accused of killing Khalistani terrorist Nijjar. If that did not work, allegations of plotting the murder of Gurpatwant Singh Pannu were also levelled. When Trump returned to power, he started getting closer to Pakistan. When the Pahalgam attack took place, his representatives were preparing to sign a cryptocurrency deal with Pakistan. In such a situation, it is a mistake to think that Trump, angry at not getting credit for the India-Pakistan ceasefire, has imposed tariffs on India. Now the thinking in Washington has formed that there is no benefit in supporting India's rise as a superpower, because it is not going to dance to America's tunes. America feels that when it is finding it difficult to deal with China, then India's rise as a strategically autonomous superpower will only serve to increase the challenge to its global dominance in the future. America would not want to see India become the next China. American economist Jeffrey Sachs says that America will oppose India when it sees it succeeding, because it is in its nature. This is why America used to oppose Russia earlier in the name of communism. Now, even after the fall of communism, opposition to it continues because Russia is still a major geopolitical power and will never become an American puppet. Due to India's miraculous economic growth, this American attitude is now being seen towards India. In such a situation, if India has to continue its journey of becoming an economic and military superpower, then our industrialists, academicians, researchers, professionals and students will have to work with four times more strength.

# Merit vs Opportunity, Radhakrishnan faces Sudarshan

Reddy's judicial record also does not inspire confidence. His decision to reject the anti-Maoist initiative Salwa Judum in Chhattisgarh in 2011 was considered a setback to India's fight against Maoist violence. Today, when the problem of Maoism is almost coming to an end, Reddy's decision raises many questions. The process of election of the Vice President has begun in the country. The BJP-led NDA and the Congress-led opposition alliance INDIAA have selected their respective candidates. The NDA has fielded CP Radhakrishnan as its candidate. In contrast, the INDIAA has fielded former Supreme Court Justice B Sudarshan Reddy. Both of them present a picture of two completely opposite visions for the nation. In fact, this election is a contest between merit vs opportunism. CP Radhakrishnan served as an MP from Coimbatore twice and earned the trust of the people through decades of dedication. As Governor of Jharkhand, he discharged constitutional duties with dignity and firmness, connecting with the common man and ensuring social transformation. His elevation to the post of Vice President is a recognition of a lifetime of service to the people and the Constitution. His candidacy is deeply personal to Tamils ??and many in South India. It is a sign that their voice matters in New Delhi. It is no secret that during the heyday of Congress rule, Tamil Nadu often felt left out of national politics, but that has changed under Prime Minister Narendra Modi. Radhakrishnan's rise is a powerful symbol of Tamil Nadu's centrality in the story of the new India. PM Modi's commitment to Tamil Nadu goes far beyond this nomination. Over the past decade, he has ensured that Tamil leaders play a leading role in India's governance. For example, Dr. Tamilisai Soundararajan demonstrated her expertise and leadership as Governor of Telangana and Puducherry. Nirmala Sitharaman's tenure as Defence and Finance Minister has become a global symbol of India's economic strength. Jaishankar's sharp diplomacy and service as foreign minister have made India's voice heard on the world stage. These are not just symbolic appointments but proof that PM Modi considers Tamil Nadu a powerhouse of talent and a repository of our collective Indian heritage. Whether PM Modi quoted from the ancient Tamil text Tirukkural at the UN, declared Tamil as the oldest language in the world or gave a place of honour to the sacred Sengol, these moments are not just symbolic but a celebration of Tamil identity as an integral part of the soul of India. This is added to by initiatives like the Kashi Tamil Sangamam and Saurashtra Tamil Sangamam that connect Tamil traditions with those of other regions. Radhakrishnan embodies this spirit of one India. In contrast, the INDIAA's choice smacks of opportunism and hypocrisy, making it clear that this alliance is focused more on political opportunism than principles. When Reddy was appointed Goa's first Lokayukta in 2013, the Congress and its allies called him the BJP's "yes-man". Today, in 2025, the same Congress-led coalition is touting him as a "champion of justice". Reddy's judicial record also does not inspire confidence. His decision to scrap the anti-Maoist initiative Salwa Judum in Chhattisgarh in 2011 was seen as a setback to India's fight against Maoist violence. Today, when the problem of Maoism is almost on its way out, Reddy's decision raises many questions. Would we want to see such a person in the Vice President's chair? Reddy's decision not to reopen the Bhopal gas tragedy case is also a stain on his legacy. His nomination is a cruel reminder of that injustice for the people of Madhya Pradesh. When Justice Ranjan Gogoi accepted Rajya Sabha membership, the Congress had accused the NDA of politicking by raising the issue of independence of the judiciary, but now it is fielding a former Supreme Court judge for the post of Vice President. Reddy's nomination appears to be a deliberate attempt to capitalise on regional sentiments in Andhra Pradesh and Telangana. Whereas the coalition does not have sufficient numbers. It seems they are setting up a Telugu man to fail. To be honest, the Congress has always humiliated Telugu pride and leaders - be it T Anjaiah or PV Narasimha Rao. PM Modi has always given national recognition to marginalised Tamil voices. Leaders like Ila Ganesan, who served as governor, and Union minister Dr L Murugan are examples. The INDIAA election, on the other hand, is a desperate, last-minute attempt to create a narrative. This is a battle between a swayamsevak who believes in nation first versus a man who puts family political convenience above the Constitution and ideological commitment. It is no secret that during the heyday of Congress rule, Tamil Nadu often felt left out of national politics, but that has changed under Prime Minister Narendra Modi. Radhakrishnan's rise is a powerful symbol of Tamil Nadu's centrality in the story of the new India. PM Modi's commitment to Tamil Nadu goes far beyond this nomination. Over the past decade, he has ensured that Tamil leaders play a leading role in India's governance. For example, Dr. Tamilisai Soundararajan demonstrated her expertise and leadership as Governor of Telangana and Puducherry. Nirmala Sitharaman's tenure as Defence and Finance Minister has become a global symbol of India's economic strength. Jaishankar's sharp diplomacy and service as foreign minister have made India's voice heard on the world stage.

# अमरोहा में तीन भाई गंगा में डूबे, भतीजे का मुंडन करने के बाद नहा रहे थे, चौबीस घंटे से तलाश जारी

अमरोहा के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी तीन सगे भाई अनुज, ओमकार और बंटी तिगरी गंगा तट पर मुंडन संस्कार के बाद नहाते समय डूब गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस और सीओ अंजलि कटारिया मौके पर पहुंचे और गोताखोरों व नाविकों ने देर रात तक तलाश की। इससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। आठ महीने के भतीजे का मुंडन कराने तिगरी में गंगा तट पर आए अमरोहा के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी तीन सगे भाई अनुज, ओमकार व बंटी गंगा में बह गए। शाम पांच बजे परिवार मुंडन के बाद वापस जाने लगा तो तीनों भाई दिखाई नहीं दिए। उनके कपड़े, मोबाइल आदि किनारे रखे थे।आशंका जताई जा रही है कि तीनों गंगा में बह गए। शाम 7.30 बजे तक उनको गंगा में तलाश किया गया लेकिन उनका पता नहीं चल सका। सीओ मंडी धनौरा अंजलि कटारिया ने बताया कि अमरोहा के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी आकाश के आठ माह के बेटे का मुंडन संस्कार कराने परिवार बुधवार दोपहर बाद तिगरी में गंगा तट पर आया।परिवार की महिलाएं व उनके तीन भाई तीनों भाई अनुज, ओमकार व बंटी भी आए थे। मुंडन संस्कार कराने के बाद परिचित व परिवार के सभी सदस्य गंगा में नहाने लगे। इस बीच गहरे में पैर चले जाने के कारण अनुज, ओमकार व बंटी में चले गए। मगर इसकी किसी को भनक नहीं लगी। जब परिवार वापस जाने लगा तो तीनों भाई दिखाई नहीं दिए जबकि उनके कपड़े, मोबाइल आदि किनारे पर रखे थे। इससे आशंका हुई कि तीनों पानी में डूब गए हैं। उनकी खोज के लिए गोताखोर गंगा में कूद गए। सूचना पर इंस्पेक्टर मनोज कुमार पुलिस के साथ पहुंच गए। सीओ अंजलि कटारिया भी तिगरी में पहुंच गईं। काफी देर तक तीनों की तलाश में गंगा में नाव से तलाश की गई। किनारे से लेकर बीच धार तक गोताखोर व नाविक नाव से तलाश करते रहे, लेकिन पता नहीं चला। सीओ ने बताया कि बृहस्पतिवार को फिर अभियान चलाया जाएगा।



# चेकिंग के दौरान बाइक से गिरी महिला, दरोगा और सिपाही निलंबित, विभागीय जांच के आदेश

मुरादाबाद के बिलारी क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग के दौरान बाइक असंतुलित होकर गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना पर ग्रामीणों ने हंगामा किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने उप निरीक्षक शनि कुमार और आरक्षी आकाश तोमर को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। बिलारी थाना क्षेत्र में आगरा-राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग के दौरान हड़बड़ी मचने से बाइक पर बैठी महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने अस्पताल में पहुंचकर हंगामा किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने उप निरीक्षक यातायात शनि कुमार और सिपाही आकाश तोमर के खिलाफ विभागीय जांच बैठाते हुए दोनों को निलंबित कर दिया है।बुधवार को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सहसपुर गांव स्थित रानी प्रीतम कुंवर स्कूल के सामने ट्रैफिक पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान थाना बिलारी के अमरपुरकाशी गांव निवासी सतीश कुमार अपनी भाभी ललिता को बाइक पर बैठाकर सहसपुर की ओर जा रहे थे।आरोप है कि पुलिस ने उन्हें अचानक रोकने का इशारा किया। हड़बड़ाहट में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और पीछे बैठी ललिता सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के तुरंत बाद ट्रैफिक पुलिस स्टाफ ने घायल महिला को पास के आयुष्मान अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही अमरपुरकाशी और सहसपुर के अनेक ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस पर गलत तरीके से रोकने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए दरोगा और सिपाही नजदीक की कस्बा पुलिस चौकी में चले गए, लेकिन थाना भगतपुर में तैनात होमगार्ड इब्ने हसन अस्पताल के बाहर ग्रामीणों के निशाने पर आ गए। लोगों ने उन्हें घेरकर गुस्सा जताया। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद ने मामले का संज्ञान लिया। जांच में पाया गया कि उप निरीक्षक शनि कुमार और आरक्षी आकाश तोमर अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर मौजूद न रहकर बिना अनुमति अन्य स्थान पर चेकिंग कर रहे थे। उनके कार्य में लापरवाही सामने आई। इस लापरवाही के कारण महिला को चोट पहुंची। एसएसपी ने दोनों के खिलाफ विभागीय जांच बैठाते हुए निलंबन की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घायल ललिता का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। परिवारजन ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



## अब भोट के बच्चे भी एनआईओएस से कर सकेंगे हाईस्कूल व इंटर की पढ़ाई

मुरादाबाद/ भोट। क्षेत्र के किशनपुर पनचक्की स्थित होली चाइल्ड इंटर कॉलेज में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) का अधिकृत अध्ययन केंद्र खुल गया है। इससे स्थानीय छात्र-छात्राओं को अब हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए जिला मुख्यालय या अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। संस्थान की प्रबंधक रूबी बी ने बताया कि इस केंद्र पर विज्ञान, कला और वाणिज्य विषयों के छात्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों से अध्ययन कर सकेंगे। दूरस्थ शिक्षा के इस मॉडल से अधिक उम्र के छात्र भी दसवीं और बारहवीं की परीक्षा दे सकते हैं और अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं इस सुविधा से कामकाजी व्यक्तियों और महिलाओं को विशेष लाभ मिलेगा जो घर पर रहकर ही अध्ययन कर सकेंगे और साथ ही अन्य कार्यों को भी जारी रख सकेंगे। छात्र इस केंद्र पर कक्षाएं ले सकेंगे, प्रैक्टिकल परीक्षा दे सकेंगे, असाइनमेंट जमा कर सकेंगे और परीक्षा पंजीकरण भी करवा सकेंगे।

# हर्बल पार्क के पास निगम कर्मी की गोली मारकर हत्या, करीबियों से पूछताछ.. पुलिस ने शव कब्जे में लिया

नया मुरादाबाद स्थित हर्बल पार्क के पास नगर निगम के प्राइवेट कर्मचारी की देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और हर्षित के करीबियों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि आपसी रंजिश की आशंका है।मझोला थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद स्थित हर्बल पार्क के पास नगर निगम के प्राइवेट कर्मचारी हर्षित ठाकुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, हर्षित देर रात अपने एक दोस्त के साथ शराब पीने के बाद घर लौट रहे थे इसी दौरान हर्बल पार्क के पास अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगते ही हर्षित मौके पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मौके से कुछ सामान कब्जे में लिया है।हर्षित के करीबी लोगों और उनके साथियों से पुलिस पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे की वजह और हमलावरों की पहचान हो सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कई पहलुओं से जांच की जा रही है। प्रथमदृष्टया मामला आपसी रंजिश से जुड़ा हो सकता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और हमलावरों की तलाश में टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।



# पति को घसीटा और फिर पिटाई... दो महिलाओं ने जमकर काटा बवाल; युवक के हाथ बांधकर थाने पहुंची पत्नी

मुरादाबाद के पाकबड़ा में पति को लेकर दो महिलाओं में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान एक महिला ने युवक के हाथ बांध दिए और उसे थाने लेकर पहुंची। मुरादाबाद के पाकबड़ा नगर के बड़ा मंदिर इलाके में बुधवार सुबह उस समय हंगामा मच गया जब एक महिला अपने पति को ढूंढते हुए वहां पहुंची। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति कई दिनों से दूसरी महिला के साथ रह रहा है। पति को दूसरी महिला के साथ देखा तो वह आपा खो बैठी और मौके पर ही दोनों को पीटना शुरू कर दिया। महिला ने अपने पति को पकड़ कर घसीटा और पिटाई करने लगी। इस दौरान पति के साथ मौजूद दूसरी महिला भी मारपीट का शिकार हो गई। भीड़ ने बीच-बचाव करने की कोशिश की लेकिन महिला गुस्से में लगातार हंगामा करती रही। मामला बढ़ता देख आसपास मौजूद किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला और दोनों महिलाओं और पति को थाने ले आई। थाने ले जाते समय पहली पत्नी अपने परिजनों के साथ पति के हाथ बांधकर उसे खींचते हुए ले जाती नजर आई। जिससे पूरा मामला चर्चा का विषय बन गया। पहली पत्नी का कहना है कि उसका पति उसे छोड़कर दूसरी महिला के साथ रह रहा है जिससे उसके परिवार की बदनामी हो रही है। वहीं पति और दूसरी महिला इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने दोनों पक्षों का शांति बनाए रखने को कहा है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी है।



# दहेज के लिए विवाहिता को बांधकर पीटा, कान का पर्दा फटा

मुरादाबाद/ स्वार। कोतवाली क्षेत्र के चाऊपुरा में दहेज उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला सामने आया है। विवाहिता अनीसा को उसके पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने रस्सियों से बांधकर बेरहमी से पीटा। पीड़िता को बचाने पहुंचे परिजनों के साथ भी गाली-गलौज व मारपीट की गई। किसी तरह परिजनों ने शोर मचाकर ग्रामीणों की मदद से अनीसा को छुड़ाया और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पीड़िता के भाई अली अकबर के मुताबिक अनीसा की शादी बीते वर्ष साजिद निवासी चाऊपुरा मसवासी से हुई थी। शादी के बाद से ही पति साजिद, ससुर रईस अहमद, सास हुसनजहां, जेठ आसिफ तथा देवर आरिफ व जुबैर दहेज की मांग को लेकर उसे तंग करते थे। आरोप है कि 18 अगस्त की शाम ससुराल पक्ष के लोग अनीसा को रस्सियों से बांधकर लाठी-डंडों व लात-घूसों से मार रहे थे। मौके पर पहुंचे परिजनों को भी आरोपियों ने पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घटना में गंभीर रूप से घायल अनीसा को पहले सरकारी अस्पताल काशीपुर ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद ग्लोबल अस्पताल काशीपुर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके कान का पर्दा फटने की पुष्टि की। परिजनों ने मेडिकल रिपोर्ट और अस्पताल के कागजात पुलिस को सौंपे हैं। कोतवाल प्रदीप मलिक का कहना है कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर साजिद, रईस अहमद, हुसनजहां, आसिफ, आरिफ और जुबैर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद तथ्य प्रकाश में आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

# महिला से फोन पर भेजता था अश्लील वीडियो, बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

मुरादाबाद लोन दिलाने के नाम पर बंधन बैंक कर्मचारी ने महिला से अकेले में मिलने की बात कही। इसके बाद महिला के मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेज दी। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कर्मचारी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक महिला का कहना है कि 25 अगस्त को वह बंधन बैंक गई थी जो कि बाबा दीप सिंह नगर में हैं। वहां पर योगेश नाम का युवक काम करता है। उसने कहा कि कागजी कार्रवाई करने के बाद लोन हो जाएगा। उसके बाद बैंक कर्मचारी ने महिला के नंबर पर संपर्क किया। कहा कि लोन लेने के लिए सेवा करनी होगी। जिसके बाद महिला ने दोबारा पूछा तो उसने अकेले मिलना होगा और शारीरिक संबंध बनाने की बात कहने लगा। ये सुनकर महिला के होश उड़ गए। उसने थाने में शिकायत की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। सिविल लाइन इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अमेरिकी टैरिफ से मेंथा कारोबार को चार सौ करोड़ का झटका

मुरादाबाद/ मुस्लेमीन रामपुर। भारत पर अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ लगाने से रामपुर के मेंथा उद्योग को बड़ा झटका लगा है। करीब 400 करोड़ का मेंथा कारोबार प्रभावित हुआ है। इससे निर्यातक परेशान हैं। अब वह दूसरे देशों से कारोबार करने की योजना बना रहे हैं। रामपुर में मेंथा का बड़ा कारोबार है। उद्यमियों के साथ ही हजारों किसान भी इससे जुड़े हैं। किसान अपने खेतों में मेंथा की फसल उगाते हैं। खेत में ही बनी टंकी के जरिए मेंथा का तेल निकालते हैं। इसके बाद तेल को उद्यमियों को बेच देते हैं। रामपुर में मेंथा के 14 बड़े प्लांट भी लगे हैं। इनमें मेंथा से मेंथोल और क्रिस्टल तैयार किया जाता है। इसके बाद इसे अमेरिका, चीन, स्पेन, फ्रांस, सिंगापुर आदि देशों को निर्यात किया जाता है। रामपुर से साल में 1750 करोड़ रुपये का निर्यात होता है। अकेले अमेरिका को ही चार सौ करोड़ का निर्यात किया जाता रहा है लेकिन अब टैरिफ बहुत ज्यादा होने के कारण अमेरिका के साथ कारोबार करना मुश्किल हो गया है।

# प्रेमिका संग आपत्तिजनक हालत में युवक को पकड़ा

मुरादाबाद/ मसवासी। क्षेत्र के एक गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब पड़ोस के गांव का युवक अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा और उसे प्रेमिका के परिजनों ने आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। परिजनों ने युवक को घर में बंद कर उसकी जमकर पिटाई की। घटना की खबर फैलते ही गांव में भारी भीड़ जुट गई। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया। युवक का पड़ोस के गांव की दूसरे समुदाय की युवती से लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बुधवार सुबह युवक मिलने उसके घर पहुंच गया। इस दौरान परिजनों ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। गुस्से से भरे परिजनों ने युवक को पकड़कर घर में बंद कर दिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया। सूचना पाकर प्रेमी युवक का साथी मौके पर पहुंचा और उसे छुड़ाने का प्रयास किया। आरोप है कि प्रेमिका के परिजनों ने साथी युवक की भी जमकर पिटाई कर दी। मामला दो अलग समुदायों से जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव फैल गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठे हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से छुड़ाकर चौकी ले आई। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग भी चौकी पहुंच गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत किया। चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। अभी किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास चल रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## सुरक्षा में तैनात खोजी कुत्ते को हुई स्पोर्ट्स इंजरी, आईवीआरआई में होगी सर्जरी

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा/ बरेली। बाबा विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात खोजी कुत्ते गर्थ के



पिछले बाएं पैर के घुटने में गंभीर स्पोर्ट्स इंजरी हुई है। बरेली के इज्जतनगर स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान (आईवीआरआई) में उसकी सर्जरी होगी। इसके लिए गुजरात से विशेष बायो फाइबर टेप मंगाया गया है।आईवीआरआई रेफरल पॉलीक्लीनिक के वैज्ञानिक डॉ. रोहित के मुताबिक, 21 अगस्त को गर्थ को यहां लाया गया था। एक्सरे कराने पर तकलीफ का पता नहीं चला। एमआरआई कराने पर घुटने में क्रूसेड लिगामेंट इंजरी का पता चला। इसीलिए व्यायाम या दौड़ने में बेहद दर्द होने पर वह घुटना उठाकर चल रहा है। चिकित्सकों ने सर्जरी कर बायो फाइबर टेप लगाने का निर्णय लिया है। डॉ. रोहित के मुताबिक क्रूसेड लिगामेंट इंजरी को इंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) इंजरी भी कहते हैं। एसीएल जांघ की हड्डी (फीमर) को पिंडली की हड्डी (टीबिया) से जोड़कर स्थिर रखता है। चोट से लिगामेंट (अस्थिबंद) खिंच या फट जाता है, लेकिन नजर नहीं आता। इससे घुटने में तेज दर्द होता है। दौड़ने, खेलने या व्यायाम करने के दौरान एसीएल इंजरी की आशंका रहती है।

## गणेश चतुर्थी की तैयारियों के बीच बड़ा हादसा, बिजली के झूलते तार के करंट से युवक की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा/ बरेली। गणेश चतुर्थी की तैयारियों के बीच भमोरा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम बड़ा हादसा हो गया। घर के सामने पंडाल सजा रहे 25 वर्षीय युवक की झूलते हाईवोल्टेज तार से छू जाने पर करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर आक्रोश जताया।



देवचरा निवासी अंशुल सोनी उर्फ महाकाल दीवाना हर साल मोहल्ले के लोगों के साथ मिलकर गणेश चतुर्थी पर पंडाल सजाते थे। बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे वे घर के सामने खाली पड़ी जगह पर पंडाल लगा रहे थे। इसी दौरान उनका हाथ पास से झूल रहे बिजली के तार से टकरा गया। करंट लगते ही अंशुल मौके पर ही गिर पड़े। परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अंशुल चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे और बिनावर थाना क्षेत्र के विजय नगला गांव में सोने-चांदी की दुकान चलाते थे। उनके परिवार में पत्नी नंदिनी और छह माह का मासूम बेटा है। हादसे की खबर सुनते ही पूरे परिवार में मातम पसर गया। मां-बाप और भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, जबकि पत्नी नंदिनी बेसुध हो गई। गांव के लोगों ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि झूलते तारों की शिकायत कई बार की गई थी, लेकिन विभाग ने ध्यान नहीं दिया। भाजपा जिला कार्यालय मंत्री डॉ. टीआर गोले ने भी विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए और कहा कि समय रहते झूलते तारों को ठीक कर दिया जाता तो यह हादसा टल सकता था। भमोरा विद्युत उपखंड के जेई जागेश कुमार ने कहा कि युवक पंडाल लगाने का काम कर रहा था, लेकिन उसने शटडाउन नहीं लिया था। झूलते तारों के सवाल पर वह कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। वहीं भमोरा एसओ सनी चौधरी ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## शिवाजी मार्ग स्थित खंडसारी नाथ मंदिर में गणेश उत्सव को लेकर हुई प्रेस वार्ता

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा/ बरेली। खंडसारी नाथ मंदिर परिसर में आगामी गणेश उत्सव की तैयारियों को लेकर गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के सभी प्रमुख पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक वरुण गर्ग सहित सर्राफा व्यापारियों ने एकजुट होकर गणेशोत्सव को सफल एवं यादगार बनाने का संकल्प लिया।



प्रेस वार्ता के दौरान आयोजक वरुण गर्ग ने बताया कि इस वर्ष गणेश उत्सव को सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनाते हुए बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ प्रतिदिन भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। इस बार विशेष आकर्षण छप्पन भोग रहेगा। साथ ही मंदिर में स्थापित स्वयंभू शिवलिंग की महिमा पर भी प्रकाश डाला गया। आयोजकों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है। सर्राफा व्यापारियों ने भी उत्सव को सफल बनाने में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रेस वार्ता में पत्रकारों ने आयोजन समिति से कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर सवाल पूछे, जिनका आयोजकों ने विस्तार से उत्तर दिया। आयोजकों का कहना है कि खंडसारी नाथ मंदिर में होने वाला गणेश उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनेगा, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में सामाजिक और सांस्कृतिक उत्साह का भी केंद्र होगा।

## जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन ( ग्रामीण ) स्वच्छता के व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए किया जाए जागरूक -जिलाधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा /बरेली- जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में 10 विकास खण्डों के 150 ग्रामों को यूनिसेफ द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में इन्ट्रोडक्ट्री रिव्यू की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि इस कार्य हेतु 10 ब्लॉक कोआर्डिनेट तैनात किए गए हैं यह कोआर्डिनेटर विकास खण्ड भोजीपुरा, शेरगढ़, बहेड़ी, भुता, बिथरीचैनपुर व क्यारा, फरीदपुर, मझगवां, नवाबगंज, दमखोदा में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत ओ0डी0एफ0 व ओ0डी0एफ0प्लस के स्थायित्व एवं ऑपरेशन विद्यालय कायाकल्प, आंगनबाडी कायाकल्प एवं महावारी स्वच्छता प्रबन्धन हेतु कार्य करेंगे। जनपद बरेली के इन 10 विकास खंडों के 150 ग्रामों में ब्लॉक कोआर्डिनेटर्स के माध्यम से यूनिसेफ द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जायेगा।



अवगत कराया गया कि इन ब्लॉक कोआर्डिनेटर्स को चार दिन का आवासीय प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें सम्बंधित योजनाओं आदि की विस्तार से जानकारी दी गयी है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सम्बंधित अधिकारी भी इन्हें बुलाकर अपनी विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दे दें, जिससे इन्हें कार्य करने में दिक्कत ना हो। इनके द्वारा अधिकांश समय फील्ड में रहकर स्थलीय स्तर पर योजनाओं का इम्पीलीमेंशन कैसा हो रहा है या देखना और रिपोर्ट देना है। ब्लॉक कोआर्डिनेटर्स द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत कितने ओवर हैण्ड टैंक बने है और कितनी रोड का रिस्टोरेशन हुआ है यह ब्लाक के माध्यम से निरीक्षण करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण के दौरान ओवर हैण्ड टैंक बने है या नहीं, पानी की सप्लाई हो रही है या नहीं। स्कूल में पैरामीटर पूर्ण है या नहीं, आरआरसी सेंटर संचालित है या नहीं आदि का भी निरीक्षण इनके द्वारा किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वच्छता को अपनाने के लिए व्यवहार परिवर्तन की दिशा में भी कार्य किया जाए। व्यक्तिगत शौचालय/सामुदायिक शौचालय आदि का प्रयाग लोग करें, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालें इन सब के लिए लोगों को समझाया जाए। जल जीवन मिशन के तहत पानी की पानी की बर्बादी ना हो तथा आरआरसी सेंटर के फायदे भी ग्रामीणों को समझाये जाएं व महिलाओं को हाइजीन के बारे में जागरूक किया जाए तथा सेनेटरी नैपकीन का प्रयोग व इंसीनेटर के बारे में जानकारी दी जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, उप निदेशक पंचायत, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम, सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी , ग्राम प्रधान , सचिव उपस्थित रहे ।

## शाकाहारी वन्यजीवों का आंकड़ा एक लाख से पार

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगलों में तृणभोजी (शाकाहारी) वन्यजीवों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है, जो टाइगर रिजर्व के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। तृणभोजी वन्यजीवों आंकड़ा एक लाख पार कर गया है। इसे पीटीआर की जैव विविधता बेहतर होने का प्रमाण माना जा रहा है। शाकाहारी जीव जंतुओं के बढ़ने के रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। प्रत्येक तीन साल पर होने वाली तृणभोजी वनजीवों जंतुओं की गणना इस बार भी पूरी हो गई है। जिसकी रिपोर्ट जारी कर दी गई। हाल ही में जारी किये गये आंकड़े उत्साह जगाने वाले माने गए हैं। जिससे आने वाले समय में तृणभोजी के बढ़ने से बाघों को आसानी से भोजन मिल सकेगा। हिमालय की शिवालिक पर्वतमाला की तलहटी व शारदा की तराई में बसे जंगलों को तराई का आर्कलैंड कहा जाता है।




जैवविविधता के लिहाज से इस क्षेत्र को काफी संपन्न माना जाता है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के 730 वर्ग किलोमीटर में फैले इस जंगल को पांच रेंजों माला, महोफ, बराही, दियोरिया और हरीपुर में बांटा गया है। बेहतर ग्रासलैंड और पर्याप्त जलस्त्रोतों के चलते यहां वन्यजीवोंकी संख्या लगातार बढ़ रही है?। यही वजह है कि पीटीआर में न केवल तृणभोजी प्रजातियां तेजी से पनप रही हैं, बल्कि बाघों की संख्या भी राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में बनी हुई है, तो वही तृणभोजी वन्यजीवों के कुनबे में भी इजाफा होने की बात सामने आई है। हाल ही में जारी किये गये आंकड़ो में सामने आया है कि पीटीआर में कुल मिलाकर एक लाख से अधिक तृणभोजी वन्यजीव मौजूद हैं। जो इसे तृणभोजी जीवों के लिए सबसे सुरक्षित और अनुकूल आवास सिद्ध करती है। आंकड़ों के मुताबिक माला रेंज में अकेले 25,294 तृणभोजी वन्यजीव दर्ज किए गए हैं। इनमें चीतल और वनरोज की मौजूदगी विशेष तौर पर उल्लेखनीय है। तीन साल बाद होने वाली तृणभोजी वन्यजीवों के आंकड़े सामने आये है। इसमें भालू से लेकर हिरन सांभर फिसिंग केट, चिंकारा, बारहसिंघा, सुअर, बंदर, गैंडा, घडियाल, भेडिया, लकडभग्गा, मोर, वन गाय, बिज्जू, सेही गोंड और सियार समेत तीस जीवों की रिपोर्ट आई है। पीटीआर में गुलदार/तेंदुआ 95, फिसिंग कैट107, पाडा 2007, चौसिंघा 117, वनरोज 7138, सांभर 672, चीतल 28320, बारहसिंघा 1464, काकड़ 813, भालू 199, सुअर 18975, बंदर 24309, लंगूर 2809, मगर 773, सियार 1708, मोर 4675, वन गाय 836, जंगली बिल्ली 342, बिज्जू 1092 सेंही 1037, गोह 1046 और अन्य में 2667 हैं। कुल 101201 जंतुओं का आंकड़ा सामने आया है। इससे पूर्व यह कुल आंकड़ा 98 हजार था। वही पीटीआर में चिंकारा, काला हिरन, घुरल, गैंडा, घड़ियाल, भेडिया, लकडभग्गा, लोमड़ी पीटीआर के क्षेत्र में एक भी नहीं है। आंकड़ा सामने आने के बाद अब तृणभोजी वन्यजीवों को लेकर उत्साह का माहौल है। माला रेंज में 25294, महोफ 24193, बराही 23214, हरीपुर 17872, दियोरिया 10628 जंतुओं का आंकड़ा सामने आया है। इसमें सर्वाधिक संख्या चीतल की दर्ज की गई। इसमें विलुप्त प्रजाति के चौसिंघा की संख्या भी 117 दर्ज की गई है। जो की सुखद संदेश है। विशेषज्ञों की मानें तो जंगल का दायरा और वातावरण के आधार पर तृणभोजी अपने क्षेत्र को चिह्नित कर लेते हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक मनीष सिंह का कहना है कि वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। तृणभोजी वन्यजीवों को लेकर जो आंकड़ा सामने आया है। वह उत्साह जगाने वाला है। बाघों के अलावा भी जंतुओं का एक संसार होता है। इससे इको सिस्टम मजबूती से चलता है। सभी तरह के जीव-जंतु पर्यावरण के लिए उपयोगी होते हैं।

## कस्बे मे बरसात के पानी के निकास की कोई व्यबस्था नहीं

क्यूँ न लिखूँ सच/ न्यूरिया जिले की सबसे बड़ी नगर पंचायत है न्यूरिया के लोग बुनियादी सुबिधाओ की कमी से जूझ रहे है नागरिकों का कहना है की कस्बे मे बरसात के पानी के निकास की कोई व्यबस्था नहीं है जो नाले बरसात का पानी जाता है उन नालो की सफाई ना होने के कारण नालो मे बड़ी बड़ी घास उग आयी है और नाले गंदगी से पटे पड़े है नालो मे महीने या सहप्ता मे सफाई होनी चाहिए लेकिन नालो की सफाई केबल साल मे एक बार होती है उसके बाद नालो की तरफ कोई भी नगर पंचायत का कर्मी देखने तक नहीं जाता है की नालो की किया स्थिति है और इसी कारण बरसात होने पर गली मोहल्लो मे पानी भर जाता है और ना ही कभी समय से कूड़ा कचरा उठता है मोहल्ला तिगरी के बाईपास मार्ग पर कूड़े के ढेर लगे है ऐसे ही कूड़े और कचरा के ढेर कस्बे मे कई जगह दिखते है जबकि नगर की साफ सफाई के लिए भारी भरकम स्टॉफ है और कूड़ा



♦ बढ़ा नाले पर उगी घास नाला हुआ बंद



♦ तिगरी के बाईपास मार्ग पर पड़ा कूड़ा कचरा

कचरा उठाने के लिए वहान भी उपलब्ध है फिर भी कस्बे की साफ सफाई नजर नहीं आरही है

कस्बे की साफ सफाई के लिए 65सफाई कर्मी और दो सफाई नायक है और इनके पास कूड़ा कचरा उठाने के लिए तीन बड़े टेक्टर ट्राली और दो छोटे टेक्टर ट्राली दो टाटा छोटे हाथी और दस लोडर टुक टुक बा एक टेक्टर जेसीबी है उसके बाद भी कस्बे की नालो की सफाई और कस्बे का कूड़ा कचरा की सफा सफाई की स्थिति इतनी खराब है की कई जगह कूड़े के ढेर लगे है और कई जगह सड़को के किनारे जल भरा रहता है और ना ही मच्छर की कीटनाशक दवाई का भी छिड़काव नहीं हो रहा है कस्बे मे मच्छरो का प्रकोप अधिक है ज़ब इस संबंध मे अधिशाषी अधिकारी से बात करना को फोन लगया तब अधिशाषी अधिकारी का फोन नहीं उठा


प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991


### संक्षिप्त समाचार

## साक्षी मिश्रा ने ससुर-जेठ पर दर्ज कराई एक और रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा/ बरेली। साक्षी मिश्रा ने इज्जतनगर थाने में अपने ससुरालवालों के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज करा दी है। इस बार गालीगलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। साक्षी मिश्रा ने तहरीर देकर इज्जतनगर थाना



प्रभारी विजेंद्र सिंह को बताया कि उनके ससुर हरीश कुमार उर्फ हरीश नायक लक्खी शाह क्रांतिकारी समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। ससुर, जेठ अभिषेक कुमार, चचिया ससुर शील कुमार और दादी सास सुशीला आए दिन उन्हें और उनके पति अजितेश कुमार को धमकाते हैं। उन्हें धमकाया जाता है कि पहले किए गए मुकदमे वापस ले लो वरना पति-पत्नी और बच्चे को जान से मार दिया जाएगा। आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी साक्षी के मुताबिक 20 अगस्त की शाम जब उनके पति अजितेश ने कैमरे लगाने का विरोध किया तो ससुर हरीश नायक और दादी सास सुशीला आगबबूला हो गए। झगड़े के दौरान गालीगलौज की। उन पर हमला करने का प्रयास किया। आरोपियों ने साफ कहा कि तेरा जल्द इंतजाम करेंगे, चाहे जेल जाना पड़े। तुझे मारकर ही दम लेंगे। साक्षी ने दादी सास पर गालियां देने का आरोप लगाकर इसके प्रमाण में ऑडियो होने का दावा किया है।

## किराना व्यापारी ठगी से परेशान खाया जहर,जिला अस्पताल में भर्ती

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा/ बरेली। किला क्षेत्र में लाखों रुपये की ठगी और धमकी से परेशान युवक ने जहरीली दवा खा ली। युवक की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि किराना व्यापारी ने महिला के नाम पर लाखों रुपये का सामान उधार लिया और जब रकम मांगी गई तो उल्टा गाली-गलौज और मुकदमे की धमकी दी। थाना क्षेत्र के जखीरा इमली वाली मस्जिद निवासी आलिया पत्नी इकरार अली ने पुलिस को तहरीर में बताया कि उनका बेटा रजी पिछले कई दिनों से तनाव में था। 25 अगस्त को हिबा पत्नी तारिक, उसका भाई काशिब पुत्र मोहम्मद मियां और तारिक पुत्र रफत घर पर आ धमके और गाली-गलौज के साथ मारपीट की। जब आलिया ने बेटे से वजह पूछी तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। रजी ने बताया कि तारिक किराना की दुकान चलाता है इसने श्यामगंज बाजार के दुकानदारों से आलिया के नाम पर 6.28 लाख रुपये का सामान उठाया था। जब दुकानदारों ने रुपये मांगे तो तारिक और उसके साथी टालमटोल करने लगे और धमकी दी कि उल्टा मुकदमा करा देंगे। इस तनाव से टूटकर रजी ने जहरीली दवा खा ली। आनन-फानन में परिजन और मोहल्ले के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़िता की तहरीर पर किला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है, किला इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे इज्जतनगर मंडल में पेंशनरों/ पारिवारिक पेंशनरों के पेंशन की शिकायतों का निस्तारण 15 दिसंबर को होगा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा/ बरेली। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के पेंशन संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु 15 दिसम्बर, 2025 को 'पेंशन अदालत-2025 का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में इज्जतनगर मंडल पर भी 15 दिसम्बर, को प्रातः 11.00 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, इज्जतनगर में 'पेन्शन अदालत' का आयोजन किया जायेगा। सभी पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर अपना प्रतिवेदन सभी संलग्कों सहित तीन प्रतियों में मंडल कार्यालय, इज्जतनगर के ई.जी.आर.एस. (EGRS) केन्द्र पर जमा कर दे अथवा डाक द्वारा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, इज्जतनगर के पते पर पेंशन संबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु 1 सितम्बर, 2025 से 31 अक्टूबर, 2025 तक पूर्ण विवरण के साथ भेज दें। इसके बाद प्राप्त प्रतिवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा बल्कि सामान्य तौर पर कार्यवाही की जाएगी।


## सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच में 29 अगस्त को टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / कोंच(जालौन) नगर के स्थानीय अग्रणी शैक्षिक संस्था सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच में स्वामी विवेकानंद युवा शसक्तीकरण योजना अंतर्गत छात्र छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट वितरण का कार्य क्रम 29 अगस्त दिन शुक्रवार को दोपहर बारह बजे से किया जाएगा सभी छात्र छात्राएं अपना आधार कार्ड मूल प्रति एवम एक छाया प्रति तथा महाविद्यालय द्वारा जारी आई कार्ड के साथ टैबलेट प्राप्त करने हेतु स्वयं महाविद्यालय सभागार में समय से उपस्थित हो इस आशय की जानकारी महा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत जनपद पीलीभीत जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं द्वारा जनपद में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा राजकीय इण्टर कालेज न्यूरिया में शौचालय, अतिरिक्त कक्ष, लैब एवं पुस्तकालय का निर्माण, जिला सहकारी बैंक भवन निर्माण, अमरिया के अनावासीय भवनों का निर्माण, पूरनपुर पालिका परिषद पेयजल योजना, ब्रहमचारी घाट पर्यटन विकास कार्य, राजकीय आश्रम पद्वाति विद्यालय माधौटांडा, पॉलीटेक्निक पूरनपुर छात्रावास निर्माण, नर्सिग कालेज की स्थापन, राजकीय बालिका इण्टर कालेज पीलीभीत में भौतिक, रसायन विज्ञान लैव, मल्टीपरपज हाल निर्माण, मंगदपुर मरौरी सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, आईटीआई दबका बढेपुरा, वृहद गौ संरक्षण केन्द्र बहादुरपुर हुक्मी की निर्माण, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एकेडमिक ब्लाक व पीलीभीत में छात्रावास निर्माण, ड्रग वेयरहाउस निर्माण की प्रगति, पानी की टंकी का निर्माण व जलापूर्ति हेतु नल कनेक्शन एवं नई सडकों के निर्माण/चैडीकरण/सुदृढीकरण की प्रगति की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है उनको हैण्ड ओवर की कार्यवाही करने तथा निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाए जाने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक विकासखण्ड राज्य स्तर डैशबोर्ड में प्रदर्शित हो रहे डाटा के आधार पर विकासखण्ड पूरनपुर से सम्बन्धित नीति आयोग द्वारा निर्धारित 40 इंडीकेटर्स तथा प्रदेश की प्राथमिकता के 10 इंडीकेटर्स के साथ 05 विषयगत क्षेत्रो यथा चिकित्सा एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सम्बद्ध सेवाऐं आधार अवसंरचना तथा सामाजिक विकास के अन्तर्गत कुल 50 इंडीकेटर्स के आधार पर आकांक्षात्मक विकास खण्ड पूरनपुर माह जून, जुलाई 2025 की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार समीक्षा की। सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पत्रकारों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इंद्रपाल पांचाल

क्यूँ न लिखूँ सच/राकेश गुप्ता/ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के शामली जिला अध्यक्ष ने सर्व समिति से अरविंद कौशिक शामली तहसील अध्यक्ष व रविंद्र शर्मा शामली तहसील महासचिव पद पर घोषणा की गई शामली ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की एक बैठक शहर के शुगर मिल में स्थित गेस्ट हाउस में जिला अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पांचाल की अध्यक्षता में व सुधीर चौधरी के संचालन में आयोजित की गई जिसमें सर्व समिति से वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कौशिक को शामली तहसील अध्यक्ष वह रविंद्र शर्मा को तहसील महासचिव पद पर शामली जिला अध्यक्ष द्वारा घोषणा की गई। उक्त घोषणा से पत्रकारों में हर्ष की लहर दौड़ गई वहां उपस्थित पत्रकारों ने शामली तहसील अध्यक्ष अरविंद कौशिक को बधाई दी और शामली जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया बैठक मे जनपद के ग्रामीण क्षेत्र एवं कस्बों के पत्रकारों पहुँचे। बैठक मे पत्रकारों के हितों एवं सुरक्षा सहित अन्य मुद्दों पर वार्ता की गई। जिला अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पांचाल ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश हमेशा पत्रकारों के हितों एवं सुरक्षा की बात करती है और सभी पत्रकारों को एक समान लेकर चलने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को एक जुट होकर कार्य करना चाहिए साथ ही पत्रकारों के जीवन बीमे कराए जाने चाहिए, जो कि ईश्वर ना करें कुछ उन्होंने के बाद बीमे की राशि पत्रकार के परिजनों को सहायता के रूप में मिल सके जो उनके काम आ सके। वही जिला मंत्री सुधीर चौधरी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन हमेशा पत्रकारों के साथ खड़ा है,सभी पत्रकारों को एक जुट होकर कार्य करना चाहिए और अपनी कलम से समाज को न्याय दिलाना चाहिए साथ ही सच को जनता तक पहुंचना चाहिए। बैठक के दौरान अन्य तहसीलों पर कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से महबूब अली,अनुज ऐरन,सन्नी गर्ग तहसील अध्यक्ष कैराना,महराब चौधरी,आशीष सैनी प्रचार मंत्री कैराना,अंकित जैन,प्रणीत बत्रा,राकेश गुप्ता,नवीन कुमार जैन,रणवीर सैनी,आदेश शर्मा,कन्हैया सैनी,मनजीत सिंह,सोनू शर्मा,पंकज सैनी आदि उपस्थित रहे।




# माटी के गणेश बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

क्यूँ न लिखूँ सच/ शिवपुरी,हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में समाज को प्रेरित करने हेतु मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड शिवपुरी द्वारा संचालित माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत हरतालिका तीज पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड 37 में प्रजापति मंदिर परिसर में मिट्टी गणेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ. रीना शर्मा, विकासखंड समन्वयक शिशुपाल सिंह जादौन तथा समिति अध्यक्ष गीता शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। डॉ. रीना शर्मा ने बताया कि पीओपी से बनी प्रतिमाएं पर्यावरण के लिए हानिकारक होती हैं, इसलिए सभी को अपने घरों में मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाएं ही स्थापित करनी चाहिए। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए ब्लॉक समन्वयक शिशुपाल सिंह जादौन ने कहा कि परिषद की प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाएं, सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं एवं मेंटर मिलकर लोगों को मिट्टी गणेश बनाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं और अधिकाधिक परिवारों को पर्यावरण अनुकूल गणेश स्थापित करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने स्वयं मिट्टी के गणेश बनाकर उन्हें घर में स्थापित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन समिति सचिव वीरेंद्र शर्मा द्वारा किया गया तथा उपस्थित महिलाओं को नि्ःशुल्क मिट्टी गणेश प्रतिमाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद मथुरा प्रजापति, जे.पी.नामदेव, अरुण प्रताप सिंह गुर्जर एवं संतोष सेन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।





# शिक्षामित्रों की समस्याओं को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



◆ फोटो- मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए

क्यूँ न लिखूँ सच/ मोहम्मद सलीम / पीलीभीत। प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में 25 वर्षों से पढ़ा रहे शिक्षामित्रों की समस्याओं से अब छुटकारा मिलने की उम्मीद जागी है। यह बात एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने मा.मुख्यमंत्री से मिलने के बाद जानकारी दी।आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह कुशवाहा ने बताया कि 25 जुलाई 2017 को मा.उच्चतम न्यायालय के द्वारा समायोजन रद्द होने के पश्चात काफी लंबे समय से शिक्षामित्र काफी आर्थिक तंगी से गुजरकर विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे थे। अल्प मानदेय मिलने के चलते परिवार की स्थिति सही न होने से प्रदेश के हजारों शिक्षामित्रों की मौत भी हो चुकी है।

इस सम्बंध में सरकार के विधायकों,सांसदों, मंत्रियों,भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय विनायक जोशी एवं सरकार के पदाधिकारियों से निरंतर शिक्षामित्रों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार से सामंजस्य बनाने का प्रयास जारी रहा।एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह कुशवाहा ने लखनऊ में 27 अगस्त को पीलीभीत जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह और अधिवक्ता मनोज कुमार पासवान के साथ मा.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर प्रदेश के शिक्षामित्रों की समस्याओं को पूर्ण रूप से अवगत कराकर स्थायी समाधान करने की मांग की। मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शिक्षामित्र विद्यालयों में पठन-पाठन पर विशेष ध्यान देकर बच्चों को निपुण बनाकर उनके लक्ष्यों को आगे बढ़ाते रहे। शिक्षामित्रों की हर समस्या का निस्तारण होने जा रहा है। आने बाले समय में शिक्षामित्रों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष की मा. मुख्यमंत्री से मिलने के बाद 25 वर्षों से आर्थिक तंगी से गुजारा कर रहे। शिक्षामित्रों को अब कुछ राहत मिलने की उम्मीद जागी है।

# गैर इरादतन हत्या के 05 अभियुक्तगण को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास तथा 13,000/- 13,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी / - ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोगों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान । माननीय न्यायालय पीठासीन अधिकारी श्री सुनील प्रसाद, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बहराइच द्वारा दोषी अभियुक्तों को दण्डित किया गया । वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन एवं पुलिस व लोक अभियोजक की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दोषी को मिली सजा । घटना का सक्षिंप्त विवरण- वादी मुकदमा श्री सोमई द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि वादी का गन्ना नहर के बगल में लगा है, दिनांक 01.11.2023 को गन्ने से अगौरा काट लिया गया था, वादी मुकदमा को पता चला कि मौजीलाल अगौरा काट ले गये हैं, वादी मुकदमा उनके घर उलहाना दिया, इसी रंजिश से जगतराम, मौजीलाल, देशराज, कोने व तेजराम लाठी-डंडा, फरसा से समय करीब 07 बजे शाम वादी मुकदमा के दरवाजे पर आये व मारने लगे जिससे वादी मुकदमा व उसके लड़के तहसीलदार तथा उसके भाई भगौती को काफी चोटें आई, विपक्षी गालियाँ देते हुए भाग गये तथा थोड़ी देर बाद वादी के भाई भगौती की मृत्यु हो गयी । जिसके सम्बन्ध में थाना खैरीघाट में वादी की लिखित तहरीरी सूचना के आधार पर दिनांक 02.11.2023 को मु.अ.सं 252/2003 धारा 147, 148, 149, 504, 304 भा.द.वि. बनाम जगतराम, मौजी लाल, देशराज, कोने, तेजराम पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक उ0नि0 श्री लक्ष्मी चन्द द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्तगण जगतराम, मौजी लाल, देशराज, कोने, तेजराम उपरोक्त के विरुद्ध आरोप-पत्र दिनांक 14.11.2003 को प्रेषित कर माननीय न्यायालय द्वारा दिनाँक 22.09.2008 को आरोपों को विरचित किया गया। दोषसिद्धि का विवरण- श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन%% के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में उक्त अभियोग में माननीय न्यायालय पीठासीन अधिकारी श्री सुनील प्रसाद, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बहराइच द्वारा मॉनिटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, प्रभारी थाना खैरीघाट, ए.डी.जी.सी. क्रिमिनल श्री सुनील कुमार जायसवाल, कोर्ट मोहर्रिर म0का0 ज्योति शर्मा, थाना पैरोकार का0 धर्मेन्द्र मौर्या की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक- 27.08.2025 को दोषी अभियुक्तगण जगतराम, मौजी लाल, देशराज, कोने, तेजराम उपरोक्त को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास तथा 13000/- ?13000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में 01-01 माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी ।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# कलीनगर में व्यापारियों ने फूंका डोनाल्ड ट्रंप का पुतला

क्यूँ न लिखूँ सच/ मोहम्मद सलीम / पूरनपुर-पीलीभीत। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए टैरिफ के खिलाफ लोगो मे भारी आक्रोश इसको लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने पुतला दहन कर विरोध जताया। व्यापारियों ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए सभी से विदेशी सामान का बहिष्कार करने की बात कही। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के विरोध में प्रदर्शन किया गया। व्यापारियों का मानना है कि यह टैरिफ अन्यायपूर्ण और अनैतिक है,जो भारतीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है। विरोध प्रदर्शन के दौरान की गई अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका गया अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार करने का आह्वान किया गया। व्यापारियों ने कहा कि भारत सरकार को अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।व्यापारियों ने अपने स्वाभिमान और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया है। इस दौरान व्यापार मंडल कलीनगर ने मेंन बाजार में अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका गया। इस मौके पर जावेद सिद्दीकी,रवि गुप्ता,अशोक देओल,राम प्रकाश सक्सेना,संजय गुप्ता,जाहिद,ऋषभ गुप्ता,तोहिद सिद्दीकी,राजा गुप्ता सहित व्यापारी मौजूद रहे।

# 03 परिवारों में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी / आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।



# मुकदमें से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी / मु0अ0सं0 166/2025 धारा 74/352/351(3) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना रानीपुर जनपद बहराइच विवरण:- पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (नगर) व क्षेत्राधिकारी महोदय पयागपुर के कुशल नेतृत्व व प्रभारी निरीक्षक के द्वारा थाना स्थानीय के गठित पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वाछिंत अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र शिवकुमार थाना ग्राम चौथीपुरवा दा0 रत्तापुर थाना रानीपुर जनपद बहराइच को दविश देकर अभियुक्त उपरोक्त को थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा रमवापुर से गुदुवापुर की तरफ जाने वाली पक्की सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त का नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय परिवाद न्यायालय जनपद बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु पुलिस अभिरक्षा में रवाना किया गया ।



# नाबालिग से यौन उत्पीड़न करने वाले अभियुक्त को 03 वर्ष का कारावास व ?20,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी / ऑपरेशन कन्विक्शन卐 के तहत चिन्हित अभियोगों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान । माननीय न्यायालय पीठासीन अधिकारी श्री दीपकान्त मणि, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बहराइच द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्त को दण्डित किया गया । घटना का संक्षिप्त विवरण- वादिनी मुकदमा द्वारा थाना फखरपुर को सूचना दी गयी कि दिनाँक 23.04.2017 को सुबह करीब 06.00 बजे वादिनी(पीड़िता) के घर पर कोई मौजूद नहीं था पीड़िता बर्तन धो रही थी तभी विपक्षी सागर पुत्र दुर्जन घर में घुस आया और पीड़िता को पीछे से पकड़ कर उसके साथ छेड़खानी व अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता के शोर मचाने पर विपक्षी वहां से भाग गया। जिसके सम्बन्ध में वादिनी(पीड़िता) द्वारा थाना फखरपुर में दिनांक-23.04.2017 को दी गयी तहरीरी सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 610/2017 धारा- 452, 354 भा0द0वि0 बनाम अभियुक्त राम सागर पुत्र दुर्जन उम्र 38 वर्ष, निवासी भकला बाजार, थाना फखरपुर जनपद बहराइच के पंजीकृत किया गया । तत्कालीन विवेचक उ0नि0 श्री प्रबोध कुमार द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त राम सागर उपरोक्त के विरुद्ध आरोप-पत्र दिनांक 11.05.2017 को प्रेषित किया गया तथा माननीय न्यायालय द्वारा आरोपों को दिनांक 19.07.2017 को विरचित किया गया। दोषसिद्धि का विवरण - श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच के निर्देशन में 卐ऑपरेशन कन्विक्शन%% के अन्तर्गत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे उक्त अभियोग मे माननीय न्यायालय/पीठासीन अधिकारी श्री दीप कान्त मणि, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बहराइच द्वारा प्रभारी थाना फखरपुर, मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, जिला शासकीय अधिवक्ता श्री सन्त प्रताप सिंह तथा कोर्ट मोहर्रिर का0 बृजेश कुमार साहनी व थाना पैरोकार का0 विनय कुमार भारती की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक-28.08.2025 को दोषी अभियुक्त राम सागर पुत्र दुर्जन उपरोक्त को 03 वर्ष का कारावास व ?20,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

# ग्राम पंचायत ओडगी में रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता

क्यूँ न लिखूँ सच / ओडगी - विकास खण्ड मुख्यालय के ग्राम पंचायत ओडगी में रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता हेतु क्षेत्रीय विधायक व केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने वर्षों पुरानी मांग की पूरी, विकास खण्ड मुख्यालय के ग्राम पंचायत ओडगी में गणेश पूजा समिति द्वारा रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन लगातार कई वर्षों किया जाता है,जिसके लिये कबड्डी के खिलाड़ियों व समिति के द्वारा मंत्री लक्ष्मी राजवाडे के ओडगी प्रवास के दौरान मेंट की मांग की गई थी, प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व क्षेत्रीय विधायक व मंत्री द्वारा मेंट खेल समिति को उपलब्ध कराने से खिलाड़ियों व रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता समिति में हर्ष ब्याप्त है तो वहीं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का यह कदम युवाओं में खेल के प्रति रूची बढाने में अहम भूमिका साबित होगी।प्रतियोगिता समिति व कबड्डी खिलाड़ियों ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता समिति को मेट जनपद सदस्य श्रीमति गौरी सिंह,सरपंच बिंदेश्वर चेरवा, बलराम सोनी,उप सरपंच संतोष सिंह,आशीष प्रताप सिंह,धनेश्वर राजवाड़े,भूपेन्द्र साहू,द्वारा समिति के अवध राजवाड़े,संजय राजवाड़े,भीम सेन, खम्मीत राजवाड़े,संतोष, सुखदेव, भागीरथी राजवाड़े,पुष्पेन्द्र सिंह व अन्य उपस्थित सदस्यों को सौंपा गया।




# चांदनी क्षेत्र के दस ग्रामों में वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / पप्पू जायसवाल/ चांदनी बिहारपुर (सूरजपुर, छत्तीसगढ़) चांदनी क्षेत्र के दस ग्रामों में वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट (WOTR) द्वारा आयोजित पशु स्वास्थ्य शिविरों ने ग्रामीण अंचल में बड़ी सफलता अर्जित की। इन शिविरों के माध्यम से न केवल पशुओं के विभिन्न रोगों का उपचार किया गया, बल्कि पशुपालकों को पशुओं की देखभाल, संतुलित आहार और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई। जागरूकता और उपचार एक साथ डॉ. के. एम. यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, कृमिनाशक दवा वितरण, पशु आहार और पोषण की जानकारी दी गई। शिविरों का उद्देश्य केवल बीमारियों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि भविष्य में रोगों से बचाव और बेहतर उत्पादन की दिशा में पशुपालकों को जागरूक करना भी था। आँकड़े बोलते हैं शिविरों में कुल 237 किसानों के 1234 गाय एवं बैल, 45 भैंस, 1575 बकरियाँ और 216 पोल्ट्री पक्षियों का सफल उपचार एवं टीकाकरण किया गया। ग्रामीणों ने सराहा ग्रामवासियों ने इस प्रयास की खुलकर सराहना की और ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। उनका कहना है कि इससे पशुओं का स्वास्थ्य सुधरेगा और किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी।ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट का यह प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला साबित हो रहा है। स्वस्थ पशुधन न केवल किसानों की आजीविका को सशक्त बनाएगा, बल्कि दूध, मांस और कृषि कार्यों में भी अधिक उत्पादन सुनिश्चित करेगा।




# शामली जिला कांग्रेस कमेटी शामली उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी शमशेर खान जिला प्रशासन के साथ कई मैं फोन जनहित मुद्दों को लेकर एक बैठक आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच/ राकेश गुप्ता / शाााली आज शामली में जिलाधिकारी द्वारा आयोजित जनप्रतिनिधि बैठक में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की जि़ला कांग्रेस कमेटी शामली इकाई के जि़ला उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी शमशीर खान जिला महा सचिव संदीप शर्मा जिला सचिव शाकिर अली ने कांग्रेस की ओर से हिस्सा लिया।बैठक में जिला प्रशासन के साथ कई महत्वपूर्ण जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई।तथा स्नातक एमएलसी चुनाव से संबंधित शमशीर खान ने बूथ स्थापना के मुद्दे पर प्रशासन के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया। भूत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया थाना भवन में स्नातक के लगभग 1000 से ज्यादा वोट होने के कारण शामली के किसान इंटर कॉलेज में यह बूथ लगाया गया है वह जहां भी 1000 से ज्यादा एक बूथ पर वोट डाले जाते थे उनको दो भागों में बांट दिया गया है



जिससे कि वोटर को भी परेशानी ना हो और भीड़ ना हो पाए

# चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में बाघ की दस्तक: ग्रामीण ग्रामीणों में दहशत,शिकारियों की सक्रियता बनी विभाग की चुनौती

क्यूँ न लिखूँ सच / पप्पू जायसवाल, चांदनी बिहारपुर (सूरजपुर, छत्तीसगढ़) गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र रेहण्य से सटे चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। बैजनपाठ, लुल्ह और मोहरसोप के जंगलों में ताज़ा पैरों के निशान मिलने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों में दहशत पार्क परिक्षेत्र रेहण्य क्षेत्र के आसपास के पहाड़ी वनांचल गांवों के लोग अब जंगल में जाना बंद कर चुके हैं। चरवाहे मवेशियों को जंगल नहीं ले जा रहे। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार बाघ की दहाड़ सुनाई दी है। रात ढलते ही पूरा गांव सन्नाटे में डूब जाता है। डर इतना है कि पहाड़ी वनांचल के ग्रामीण बच्चों को स्कूल भेजना भी बंद कर चुके हैं पुरानी घटनाएँ भी डराती हैं कुदरगढ़ वन परिक्षेत्र के कालामांजन क्षेत्र में बीते वर्षों (2023, 2024) में लकड़ी लेने गए तीन ग्रामीणों पर बाघ ने हमला किया था। इस घटना में एक की मौत हो गई थी, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना की यादें अभी भी ताज़ा हैं और एक बार और बाघ मूवमेंट ने लोगों की नींद उड़ा दी है। वन विभाग की पुष्टि डिप्टी रेंजर सूर्यभान सिंह -लुल्ह और बैजनपाठ में बाघ के पैरों के निशान मिले हैं, टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। रेंजर मेवालाल पटेल - बाघ पिछले पांच दिनों से बिहारपुर क्षेत्र में घूम रहा है। मोहरसोप जंगल में ताज़ा निशान मिले हैं। रेंजर ललित सायं पैकरा - शिकारियों से बचाने के लिए कई जानकारियाँ गोपनीय रखी जाती हैं। शिकारियों की चुनौती पिछले एक साल में सूरजपुर जिले में बाघ और तेंदुए की खाल समेत एक दर्जन से अधिक वन्यजीव जब्ती की घटनाएँ सामने आ चुकी हैं। लेकिन शिकार और मौत की वास्तविकता पर विभाग अक्सर मौन साध लेता है। विशेषज्ञों का कहना है कि छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश सीमा पर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और बिहारपुर वन विभाग के लिए यह सबसे बड़ी चुनौती है।बाघ से जुड़ी बड़ी बातें - चांदनी बिहारपुर क्षेत्र सहित पूरे सूरजपुर जिला 1 साल में एक दर्जन से अधिक जंगली जानवरों की खाल जब्ती। कालामांजन में बाघ हमले में ग्रामीण की मौत। चांदनी बिहारपुर में कई बार बाघ का मूवमेंट दर्ज। निगरानी के लिए बीटगार्ड और स्टाफ की भारी कमी। सवाल बरकरार बाघ की मौजूदगी जैव विविधता और वन संरक्षण के लिए शुभ संकेत है। लेकिन, ग्रामीणों की सुरक्षा और शिकारियों की बढ़ती सक्रियता बड़ी चिंता है। अब सवाल यही है कि क्या विभाग बाघ को सुरक्षित रख पाएगा और ग्रामीणों का भय दूर कर पाएगा?



# रिज़र्व पुलिस लाइन बहराइच सभागार में एएचटीयू/ एसजेपीयू की मासिक समन्वय बैठक का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच/ शैलेन्द्र कुमार पांडेय / अधीक्षक महोदय बहराइच के निर्देशन में एसजेपीयू व एएचटीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक क्षेत्राधिकारी लाइन, श्री राज सिहं की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी एसओपी में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन हेतु थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्याओं व थानों पर गुमशुदा व पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित लम्बित अभियोगों की विवेचना के निस्तारण में आ रही कठिनाईयों, पॉक्सो के फॉर्म %ए% व %बी% निर्धारित प्रारूप में भरकर सीडब्ल्यूसी को 24 घण्टे के अंदर प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा बालश्रम के विरुद्द शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान (दिनाँक 01.06.2025 से दिनाँक 31.08.2025) तक के सम्बन्ध में एवं बाल विवाह के प्रकरणों में अपेक्षित कार्यवाही करने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी । साथ ही नाबालिग बच्चों से किसी कार्यस्थल पर वर्जित कार्य न कराये जाने तथा बाल भिक्षावृत्ति के विषय पर विस्तृत चर्चा कर बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में बताया गया तथा बच्चों को शासन द्वारा मिलने वाली सहायता हेतु विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया । नाबालिग/पीड़ित बच्चों को सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया जाना, बच्चों की बालिग/ नाबालिग उम्र का निर्धारण करने आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाते हुए बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के सम्बन्ध में विशेष जागरुकता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया । बैठक में सीडब्ल्यूसी सदस्य श्रीमती दीपमाला प्रधान, इन्स्पेक्टर श्री यशबीर सिंह (एस0एस0बी0), थाना एएचटी प्रभारी श्री चन्द्रेश कुमार मय टीम, जिला प्रोबेशन संरक्षण अधिकारी, एन0जी0ओ0, आर0पी0एफ0/ जी0आर0पी0 तथा अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण एवं सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

# 30 अगस्त को सजेगी अदब की ऐतिहासिक रात

क्यूँ न लिखूँ सच/ राकेश गुप्ता/ (जनपद शामली) के कस्बा कांधला की सरज़मीं पर फिर से शायरी का परचम लहराने जा रहा है। अदब और तहज़ीब की राजधानी कहलाने वाला कांधला इस बार भी मेज़बान बनेगा अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन मुशायरे का। यह आयोजन स्वतंत्रता दिवस की खुशबू के साथ 30 अगस्त 2025, शनिवार रात 9 बजे रोज़ गार्डन, गंगेरू मार्ग कांधला में होगा।उद्घाटन व शमा-ए-महफ़िल उद्घाटन करेंगे समाजसेवी ग्य्यूर सिद्दीकी शमा-ए-महफ़िल रोशन करेंगे शायरी के सितारे कांधला में मशहूर शाइर जुनेद अख़्तर के मार्गदर्शन और रिज़्वान अंसारी की देखरेख में होने वाला यह मुशायरा देशभर के बड़े-बड़े शायरों से गुलज़ार होगा।जिनमें डा. माजिद देवबंदी वारिस वारिसी इस्माईल नज़र सरिता जैन जैसे चमकते नाम शिरकत करेंगे। कांधला की परंपरा, शायरी का जादू कांधला की हवाओं में शायरी हमेशा से रची-बसी है। यह मुशायरा न सिर्फ आज़ादी के जज़्बे को जि़ंदा करेगा बल्कि मोहब्बत, भाईचारे और अदब का अनोखा पैग़ाम भी देगा। 30 अगस्त की रात कांधला में सिर्फ चाँद नहीं चमकेगा, बल्कि शेर-ओ-शायरी के सितारे आसमान से उतरकर महफ़िल में जुगनू बनकर रोशन होंगे।

# संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर में गणेशोत्सव की धूम

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रदीप कुमार तिवारी डिप्टी मैनेजर संपादक/ मुख्य अभियंता एच के त्रिपाठी स पत्नी सहित पहले विधि



विधान से गणेश भगवान की पूजा पाठ की गई उसके बाद आरती की गई बाद मे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया बिरसिंहपुर। संजय गांधी ताप विद्युत गृह के कॉलोनी में गणेश उत्सव पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष बड़े ही धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा कॉलोनी भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। आरती बनी आकर्षण का केंद्र पावर हाउस कॉलोनी पर गणेश प्रतिमा की स्थापना कर विधिविधान से पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर आरती उतारी। महिलाओं बच्चों व युवाओं ने पारंपरिक परिधानों में देखे गए संजय गांधी ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता एच.के. त्रिपाठी ने गणेश प्रतिमा की आरती में शामिल होकर श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा - गणपति बप्पा विघ्नहर्ता हैं। मैं कामना करता हूँ कि वे सभी के जीवन से विघ्न दूर करें और सुख, शांति तथा समृद्धि प्रदान करें। उत्सव के दौरान स्थानीय कालोनियों के निवासी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया नगर में रही चहल-पहल गणेशोत्सव के अवसर पर बिरसिंहपुर नगर देर रात तक रोशनी से जगमगाता रहा। पंडालों की आकर्षक सजावट और भक्तों की भीड़ ने नगर में विशेष रौनक ला दी। मुख्य रूप से पंडाल में उपस्थित रहे मुख्य अभियंता एच के त्रिपाठी स पत्नी सहित एडिसनल सी ई संजय तिवारी ऐ ई अभिषेक सिंह और कालोनियों की महिलाएं बच्चे कमेटी के व्यवस्थापक अधिकारी के द्वारा हर साल के भाति इस साल बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है गणेश उत्सव आगे की कड़ी में सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार दुबे की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद नजर आई वहीं पर जब पुलिस अधिकारी अशोक सिंह तोमर से श्रेय टीवी के प्रधान संपादक प्रदीप कुमार तिवारी के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया की पुलिस प्रशासन गसत कर रही है

# दहेज हत्या की घटना कारित करने वाले अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास व रुपये 12,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

क्यूँ न लिखूँ सच/ शैलेन्द्र कुमार पांडेय / वादी मुकदमा तुलसीराम निषाद पुत्र बच्चूलाल द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी कि वादी के दामाद लवलेश ने दिनांक 25.01.24 समय करीब 2 बजे जरिये दूरभाष उसे सूचित किया कि वादी की पुत्री अंजली ने फांसी लगा ली है ।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दिनांक 27.01.24 को गला घोंटकर हत्या करने की बात सामने आई। पूर्व में भी दहेज के लिए विपक्षी लवलेश ने वादी की पुत्री को प्रताड़ित किया था तथा वादी द्वारा उसे समझाया बुझाया गया परन्तु वह नहीं माना और हत्या कर दी । जिसके सम्बन्ध में थाना रामगांव में वादी की लिखित तहरीरी सूचना के आधार पर दिनांक 27.01.24 को मु.अ.सं. 26/2024 धारा 302, 498ए, 304बी भा.द.वि. व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाम 1.लवलेश पुत्र दुखीराम पंजीकृत किया गया । तत्कालीन विवेचनाधिकारी क्षेत्राधिकारी श्री अनिल कुमार सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र दिनांक 24.02.2024 को अन्तर्गत धारा 498ए, 304बी, 302 भा.द.वि., धारा 3/4 डी.पी.एक्ट दाखिल किया गया, माननीय न्यायालय द्वारा आरोपों को दिनांक 10.07.2024 को विरचित किया गया। दोषसिद्धि का विवरण- श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन%% के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में उक्त अभियोग में माननीय न्यायालय/पीठासीन अधिकारी श्री आनन्द शुक्ला, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जनपद बहराइच द्वारा मॉनिटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, प्रभारी थाना रामगांव, ए.डी.जी.सी. क्रिमिनल श्री प्रमोद कुमार सिंह, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 मनोज कुमार, म0आ0 पवन रेखा, थाना पैरोकार का0 कृष्ण कुमार की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक-28.08.2025 को दोषी अभियुक्त लवलेश उपरोक्त को दण्डित किया गया ।

# आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय द्वारा पुलिस लाइन में पीस कमेटी मीटिंग कर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच/ शैलेन्द्र कुमार पांडेय / पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (नगर) श्री रामानन्द कुशवाहा द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्री पहुप सिंह के साथ नगर क्षेत्र के सभी थाना /चौकी प्रभारी की उपस्थिति में आगामी त्यौहार गणेश पूजा, गणेश प्रतिमा विसर्जन के सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले व्यवस्थापक, समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वालेंटियर और डीजे मालिको/ संचालकों के साथ वार्ता कर शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार को संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सभी को अवगत कराया गया कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए रोड से उचित दूरी बना के पंडाल को स्थापित किया जाए। आग लगने के स्थिति से बचने के लिए फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग, मूर्ति सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाने हेतु बताया गया। डीजे मालिकों और संचालकों को हिदायत दी गई कि शासन द्वारा मानक के अनुरूप ही आवाज में डीजे बजाए तथा कोई भी ऐसे गाने न बजाए जिससे किसी भी व्यक्ति/समुदाय के सम्मान को ठेस पहुंचे।



# This is a sign of vitamin-D deficiency only seen at night, start doing these 3 things from today to prevent it

Vitamin-D deficiency in the body can prove to be dangerous. Therefore, it is important that we detect it on time and prevent it. Although many symptoms appear in the body when there is a vitamin-D deficiency, but one symptom appears at night. Let's know what is that sign. Vitamin-D is very important for our health. Many problems can start due to its deficiency. Vitamin-D deficiency can be detected by its symptoms. Vitamin-D is very important for our health. Therefore, many problems start in the body when there is a deficiency of it, such as weakening of bones, low immunity, mood swings, depression etc. (Vitamin-D Deficiency Symptoms). However, there is a symptom of vitamin-D deficiency, which is mostly seen at night. Yes, a sign of vitamin-D deficiency (Vitamin-D Deficiency Sign at Night) is seen only at night, which people often ignore. Let's know what is that symptom and what should be done to avoid it. Sign of vitamin-D deficiency seen at night If you experience sudden severe pain, cramps or numbness in the legs, thighs, back or other muscles while sleeping at night, then it can be an important sign of vitamin-D deficiency. The reason for this is that due to vitamin-D deficiency, the body is unable to absorb calcium properly. Let us tell you that calcium is necessary not only for bones, but also for smooth contraction and relaxation of muscles. When calcium starts decreasing in the body, the muscles are unable to contract and relax properly and cramps start in them, especially when the body is in a relaxed position. Therefore, if you are experiencing muscle pain at night without any reason, do not ignore it. This can be an important warning sign of vitamin D deficiency. What to do to overcome vitamin D deficiency? Take sunlight at the right time Sunlight is the most natural and effective source of vitamin D. But it is important to know when and how to take sunlight. Right time - Sunlight between 10 am and 3 pm is considered the best, because at this time UV-B rays are best for vitamin D synthesis in the body. Time - About 15-20 minutes of sunlight every day is enough. Keep in mind, take direct sunlight on the exposed parts of the body, such as hands, feet, back. Keep in mind that sitting behind a glass window does not produce vitamin D. It is beneficial to take uninterrupted sunlight for a few minutes before applying sunscreen. Foods rich in vitamin D If you are not getting enough vitamin D from sunlight, then include things rich in it in your diet. Fatty fish- Fish like salmon, tuna, mackerel and sardines are excellent sources of vitamin D. Egg yolk- Egg yolk also contains a good amount of vitamin D. Fortified food items- Nowadays vitamin D is added to foods like milk, curd, orange juice, oatmeal and cereals. While buying, do check its information on the packet. Take supplements It may be difficult to overcome severe deficiency of vitamin D only through sunlight and diet. In such a situation, doctors recommend taking supplements. Medical advice is necessary- To confirm vitamin D deficiency, the doctor will ask you to get a simple blood test done. Based on the report, they will decide the supplement and its dosage according to your need. Do not take medicine yourself- Taking supplements without doctor's advice can be dangerous, because its excessive amount can cause toxicity in the body.




# Your anger is making the heart weak, if not controlled then the risk of heart attack will increase

Anger is an emotion that affects mental health as well as physical health. According to a study published in the Journal of the American Heart Association, anger can increase the risk of heart disease. Let us know how your anger is harmful for the heart and overall health. Anger is a common emotion that everyone feels. However, too much anger can spoil your health. Especially it is more harmful for the heart. We all express our emotions from time to time. We often express our feelings according to the situation and the person. Sadness, happiness and anger are one of these feelings, which affects not only our mental health but also physical health. Especially anger affects us in many ways, but do you know that your anger can also take a toll on your heart. Yes, you heard it right. Getting angry can damage your heart and due to this the risk of heart attack can increase. Let us know in this article today from Dr. Gaurav Gupta, Senior Psychiatrist and CEO at Tulsi Healthcare New Delhi, how your anger can be harmful to your health - Anger can be heavy on the heart According to a study published in the Journal of the American Heart Association, negative feelings like anger can increase the risk of heart disease. Now the question arises, how does anger harm the heart? Actually, stress hormones like adrenaline and cortisol increase blood pressure, heart rate and the tendency to clot, which can act as a trigger for heart attack in vulnerable individuals. Apart from this, a review of the year 2022 analyzed several studies conducted on thousands of patients and found that anger and depression not only increase the risk of heart disease, but also slow down recovery after heart-related diseases. Effect of anger on health Anger not only affects heart health, but also has a bad effect on your overall health. Due to this, many other health related problems also occur. Let's know how anger affects health- Effect on immune system Constant anger also weakens your immunity. Due to a weak immune system, the body becomes more vulnerable to infections. According to a study published in Immunology, anger can affect the immune system and it depends on the cause of anger. Effect on digestive system Stress hormones also impair your digestion, which can cause stomach pain, acid reflux or irritable bowel syndrome. According to a study published in Gastroenterology, anger can also affect colon motor and myoelectric activity in irritable bowel syndrome. Muscles are also damaged Anger can cause a lot of stress in the body. This can cause headaches, back pain and other musculoskeletal problems. A study published in Neurospine states that people who get moderate to severe anger have experienced back and neck pain. Effect on heart Anger can increase heart rate and blood pressure, which can lead to long-term heart problems. When we get angry, stress hormones called catecholamines are released. This can lead to high blood pressure and a rapid heartbeat.




# Why is India's name being associated with Taylor Swift's engagement ring? Know why this ring worth crores is special

Taylor Swift and Travis Kelsey's engagement photos are going viral on social media. Taylor's ring has a special connection with India. The diamond embedded in her ring is from an old mine. According to experts, the price of this magnificent ring is around Rs 4.8 crore. There is speculation that this diamond was mined from the mines of India in the 18th-19th century when India was a big source of gems. Taylor Swift and Travis Kelsey have got engaged. They have shared the picture on social media. As soon as the photos surfaced, their ring remains in the discussion. Taylor Swift and Travis Kelsey's engagement photos are going viral everywhere on social media. With their engagement, the couple has made their tomorrow story official. The pop queen and the NFL star recently got engaged and shared their happiness with fans by posting some of their pictures on social media. In these pictures, the couple looks very beautiful together, but the thing that caught the most people's attention was Taylor's engagement ring. Fans are unable to take their eyes off this beautiful ring. This ring of hers is not only very beautiful, but also very special. Actually, this ring of hers has a special connection with India. Let's know about her ring and its connection with India-Why is this ring special This shining diamond in her ring is a magnificent masterpiece from an old mine, which is also called an antique cushion diamond. Talking about its weight, it weighs between 7-10 carats. It is set in 18-carat yellow gold and has hand-engraved details. How much is the price of the ring After knowing its features, now let's talk about its price. Although Taylor Swift herself did not give any information about the price of her engagement ring, but if experts are to be believed, then the price of this magnificent ring is about Rs 4.8 crore i.e. 550,000 US dollars. What is the connection of the ring with India? Actually, looking at this diamond embedded in the ring, it is being speculated that it is a gift of an old mine. This style of this diamond dates back to the 18th and 19th centuries, when India was a major source of the world's most precious gems even before South Africa and Brazil became famous. According to a report by The Juggernaut, for about 2,000 years, diamonds came from the famous Golconda region of present-day Andhra Pradesh, which ruled the diamond trade all over the world. These stones or gems were extracted from river beds and caves near Kollur and other mining sites, along the Krishna and Godavari valleys. These diamonds coming from Golconda were not only beautiful, but they were also legendary. These precious stones found in this region, chemically the purest diamonds, are famous for their transparency and shine. This diamond is also being linked to India because some of the famous diamonds of history like Kohinoor and Hope were found in India. However, later these diamonds reached European crowns and museums instead of India. Is the diamond on the ring really from India? In such a situation, the question arises whether the diamond in Taylor Swift's ring really came out of the mines of India? After knowing the history mentioned above, when you see the stone of "ancient cushion" or "old mine" on a ring, then the discussion of Golconda naturally happens. Talking about the diamond in Taylor Swift's ring, it is possible that this diamond came out of the historical mines of Andhra Pradesh, because the timeline of this diamond matches, the style fits and the history makes this thing even more exciting. However, it would be wrong to confirm this right now, because until any origin certificate, archival records or gem laboratory report is revealed, it cannot be said with certainty whether the diamond is from India or not, but given India's long history of giving many rare diamonds to the world, it is not a surprise for India's name to be associated with this ring.

